दैनिक जागरण
23-03-2026

विद्यार्थियों ने ली औषधीय पौधों की जानकारी

अंबाला (विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में नेशनल एजु ट्रस्ट के तहत संचालित टू वीक चैलेंज के अंतर्गत औषधीय पौधों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन एसडीजी क्लब एवं ग्रीन यूनिवर्सिटी रैंकिंग कमेटी द्वारा किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को औषधीय पौधों एवं उनके विविध उपयोगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कालेज के माली ने विद्यार्थियों को विभिन्न औषधीय पौधों की पहचान कराते हुए उनके मनुष्य के स्वास्थ्य पर होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस व्यावहारिक जानकारी से विद्यार्थियों में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी।